लोक सभा अध्यक्ष ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 23 अगस्त, 2019: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा: "मैं जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। श्री कृष्ण भगवान विष्णु के सबसे पूजनीय अवतारों में से एक हैं और वे प्रेम, साहस और त्याग जैसे पवित्र मूल्यों के प्रतीक हैं। इस दिन श्री कृष्ण के जन्म को देशभर में अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। उनके दिव्य संदेशों को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात् करना चाहिए और सर्वत्र सत्य, करूणा और सदाचार का संदेश दें। मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे किसी फल की अपेक्षा किए बिना सदैव लोकहित के लिए निरंतर कार्य करने का प्रयास करें और समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रचार-प्रसार करें। "